राजनाथ सिंह
RAJNATH SINGH



रक्षा मंत्री
भारत
DEFENCE MINISTER
INDIA

सत्यमेव जयते

संदेश

जैसा कि विदित है, हमारे संविधान निर्माताओं ने 14 सितम्बर, 1949 को देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली हिन्दी को भारत संघ की राजभाषा का दर्जा प्रदान किया। तब से प्रतिवर्ष 14 सितम्बर का दिन हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

भारत विविधताओं का देश है। हमारे देश में अनेक भाषाएं बोली जाती हैं। तथापि, अपनी सरलता, सुबोधता और पहुंच के कारण हिन्दी ने भारत की राजभाषा बनने का गौरव प्राप्त किया है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान और इसके बाद हिन्दी ने हमारे राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोया है तथा अनेकता में एकता की भावना को मजबूत बनाए रखा है।

भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में जनता और शासन के बीच जनभाषा ही संपर्क भाषा के रूप में सार्थक भूमिका अदा कर सकती है। हिन्दी भारत की सबसे अधिक बोली और समझी जाने वाली भाषा है। आत्मनिर्भर भारत को लेकर सरकार द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं और कार्यक्रमों के लाभों के बारे में जनता को उनकी भाषा में ही अधिक प्रभावी ढंग से जानकारी दी जा सकती है।

मुझे यह जानकर हर्ष हो रहा है कि इस वर्ष कोविड-19 महामारी के बावजूद रक्षा मंत्रालय एवं अन्य सभी रक्षा संगठनों में हिन्दी पखवाड़े का आयोजन मानक दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए किया जा रहा है। मैं, रक्षा मंत्रालय, सशस्त्र सेनाओं एवं सभी रक्षा संगठनों के देश भर में फैले विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों से अपील करता हूं कि वे अपना अधिक-से-अधिक सरकारी काम-काज राजभाषा हिन्दी में करते हुए संवैधानिक अपेक्षा का अनुपालन सुनिश्चित करें।

एक बार फिर से हिन्दी दिवस के शुभ अवसर पर रक्षा मंत्रालय, सभी सशस्त्र सेनाओं एवं अन्य रक्षा संगठनों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

"जय हिन्द"

13.09.20

(राजनाथ सिंह)

नई दिल्ली
13 सितम्बर, 2020

Office : Room No. 104, Ministry of Defence, South Block, New Delhi-110011
Tel. : +91 11 23012286, +91 11 23019030, Fax : +91 11 23015403
E-mail : rmo@mod.nic.in